हमारा देश

इब्ने इंशा

हमारा देश

"ईरान में कौन रहता है?"

"ईरान में ईरानी कौम रहती है।"

"इंग्लिस्तान (इंग्लैंड) में कौन रहता है?"

"इंग्लिस्तान में अंग्रेज कौम रहती है।"

"फ्रांस में कौन रहता है?"

"फ्रांस में फ्रांसीसी कौम रहती है।"

"यह कौन-सा मुल्क है?"

"यह पाकिस्तान है!"

"इसमें पाकिस्तानी कौम रहती होगी?"

"नहीं! इसमें पाकिस्तानी कौम नहीं रहती।

इसमें सिंधी कौम रहती है।

इसमें पंजाबी कौम रहती है।

इसमें बंगाली कौम रहती है।

इसमें यह कौम रहती है।

इसमें वह कौम रहती हैं।

"लेकिन पंजाबी तो हिन्दुस्तान में भी रहते हैं!

सिंधी तो हिन्दुस्तान में भी रहते हैं!

बगाली तो हिन्दुस्तान में भी रहते हैं!

फिर यह अलग देश क्यों बनाया था?"

"गलती हुई। मांफ कर दीजिए। अब कभी नहीं बनाएंगे।"